प्रायोग के वह तकनीकी अधिकारी जो निर्धारित योग्यताएं रखते हैं, इन पदों के लिए आवेदन पत्र भेजने के पात्र हैं । बाकी पद जो इस योजना के अन्तर्गत मंजूर किए गए हैं उन पर नियुक्तियां निदेशालय में ऐसे ही पदों के लिए निर्धारित भर्ती नियमों के अनुसार की गई हैं ।

**वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दावली आयोग**

2652. श्री राम सिंह अयरवाल : क्या शिक्षा मंत्री 23 नवम्बर, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2193 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दावली आयोग की विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) इन पर कितना धन व्यय हो चुका है और प्रत्येक योजना की क्रियान्विति में अब तक कितनी प्रगति हुई है ; और

(ग) कितना काम अभी शेष है और कब तक इसके पूर्ण हो जाने की सम्भावना है ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री शेर सिंह): (क) से (ग). वैज्ञानिक तथा पारिभाषिक शब्दावली आयोग की योजनाओं, उनपर वर्षवार हुए व्यय, कार्य की प्रगति तथा साथ ही जो कार्य पूरा करना अभी शेष रहता है, उसे दिखाने वाला विवरण सभा पटल पर रखा है [पुस्तकालय में रख दिया गया । देखिये संख्या LT-2397/68]

**A. R. C. for Full-fledged States**

2653. SHRI HEM BARUA :
SHRI DHIRESWAR KALITA :
SHRI HEM RAJ :
SHRI M. MEGHACHANDRA :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Administrative Reforms Commission Study Team has recommended constitution of full-fledged States of what are known as Union Territories at present ; and

(b) if so, whether the demand of Statehood for Manipur would be considered in the light of this recommendation ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**Entry Restrictions in Naga Area of Manipur**

2654. SHRI HEM BARUA : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Naga areas of Manipur have been declared out of bounds for people from the rest of India ; and

(b) if so, what are the reasons for this over all decision ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (a) and (b). In the interests of the safety and security of India and in the public interest, it was considered necessary to notify certain areas of Manipur under section 3 of the Criminal Law Amendment Act, 1961. A copy of notification G. S. R. No. 1595 dated 29th August, 1968 issued in this connection is laid on the Table of the House. [*Placed in Library See* No. LT-2398/68].

**Dispute Regarding Villages of Vinda Diyara, Monghyr (Bihar)**

2655. SHRI ONKAR LAL BERWA :
SHRI YASHPAL SINGH :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to refer to the reply given to Unstarred Question No. 6846 on the 30th August, 1968 regarding the Dispute in regard to the Villages of Vinda Diyara, Monghyr (Bihar) and state :

(a) whether Government have received any reply from the State Government of Bihar ; and

(b) if not the further action taken by Government in this regard ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) and (b). Reply from the Government of Bihar has been received and the State Government are being advised to take expeditious steps for appropriate demarcation of boundaries.

**सरकारी माध्यमिक स्कूल भरौली-कोहाला (हिमाचल प्रदेश) का स्तर बढ़ाना**

2656. श्री हर दयाल देवगुण : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा, तहसील डेहरा कमलोटा की ग्राम पंचायत तथा उस क्षेत्र के और अन्य ग्राम पंचायतों से कोई ज्ञापन प्राप्त हुआ है कि सरकारी मिडिल स्कूल, भरौली-कोहाला, जहां 700 लड़के-लड़कियां पढ़ती हैं, का स्तर बढ़ा कर उसे उच्चतर माध्यमिक स्कूल बना दिया जाये ;

(ख) क्या उस क्षेत्र के लोग गत दो वर्षों से राज्य तथा केन्द्रीय सरकार से यह मांग करते हैं ;

(ग) क्या भी सच है कि पंचायत ने उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लिए 13 कमरे बनाए हैं और वह चार कमरे और बनाने के लिए तैयार हैं ;

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इस पर क्या कार्यवाही की है ; और

(ङ) यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मन्त्रालय में राज्य-मन्त्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) और (ख). कमलोटा ग्राम पंचायत ने एक अभ्यावेदन केन्द्रीय सरकार को नवम्बर, 1967 में भेजा था, तथा उसे मूल प्रति में हिमाचल प्रदेश सरकार को जांच के लिये भेज दिया गया गया था। उक्त सरकार ने सूचना दी है कि भरौली-कोहला स्कूल के उन्नयन के प्रश्न पर अगले वर्ष अन्य स्कूलों के साथ विचार किया जाएगा।

(ग) से (ङ). अपेक्षित सूचना हिमाचल प्रदेश सरकार से मंगवाई जा चुकी है और यथा समय सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**केरल में मार्क्सवादी साहित्य का प्रचार**

2557. श्री रणजीत सिंह : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केरल में जिला दण्डाधिकारी मार्क्सवादी साहित्य का प्रचार कर रहे हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उसे रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) ऐसा कोई दृष्टान्त सरकार के ध्यान में नहीं आया है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**उत्तर प्रदेश के स्कूल में ईसाई धर्म का प्रचार**

2658. श्री राम गोपाल शालवाले : क्या शिक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के निर्मला कानवेंट स्कूल बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध कोई शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि वहां स्कूल चलाने के बहाने ईसाई धर्म का प्रचार किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का इस मामले की जांच करने का विचार है ; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री भागवत झा आजाद) : (क) जी हां, बुलन्दशहर के जिलाधीश को कुछ शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

(ख) लगाए गए आरोपों के सम्बन्ध में जांच-पड़ताल की गई थी किन्तु वे सिद्ध नहीं हो सके।

(ग प्रश्न नहीं उठता।